# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 533 वर्ष 42

राँची, 31 जुलाई, 2018


## सीसीएल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा

कोयला सचिव (भारत सरकार) डॉ. इन्द्र जीत सिंह ने विगत 23 जुलाई को मुख्यालय के "कोयला कक्ष" में सीसीएल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में सचिव महोदय ने उत्पादन संबंधी किसी भी समस्या और चुनौतियों का योजनाबद्ध तरीके से समाधान निकालने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने प्रबंधन से सभी अधिकारियों की सामूहिक एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से तय करने का निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी अपने दैनिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अनुशासन, सम्मिलित प्रयास और टीम भावना के साथ–साथ कार्य करें।

अवसर विशेष पर कोल इंडिया अध्यक्ष श्री अनिल कुमार झा ने सभी का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कोल इंडिया के 35 मिलियन टन कोयला स्टॉक को कम करने हेतु हम सभी प्रतिबद्ध है। श्री झा ने कहा कि देश को उर्जा प्रदान कर आगे बढ़ाने की बड़ी जिम्मेदारी कोल इंडिया को मिली है जिसे हम सभी को प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करना है।

इससे पूर्व अपने स्वागत भाषण में सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने कहा कि सीसीएल कर्मी कड़ी मेहनत से वर्तमान वित्तीय वर्ष के बाकी बचे हुए महीनों में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पावर प्वाइंट के माध्यम से उपस्थित अतिथियों को पिछले कुछ वर्षों में सीसीएल द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओ.बी. रिमुवल, कोयला स्टॉक, पर्यावरण,




माननीय कोयला सचिव डॉ. इन्द्र जीत सिंह समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए

वाशरी सहित कानून व्यवस्था एवं अन्य चुनौतियों से भी सचिव महोदय को अवगत कराया।

बैठक में कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री आशीष उपाध्याय, एडवाईजर (प्रोजेक्ट) डॉ. ए. सिन्हा, उप सचिव (एलए एवं आईआर/एनए) श्री एन.के. सिंह सहित नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा, निदेशक (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, क्षेत्रिय महाप्रबंधक एवं अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्वच्छता पाठशाला का आयोजन

कोयला सचिव (भारत सरकार) डॉ इन्द्र जीत सिंह द्वारा तीन दिवसीय "स्वच्छता पाठशाला आवासीय कार्यक्रम" का उदघाटन 22 अगस्त को खेल गांव, रांची में किया। इस कार्यक्रम में सीसीएल के कमांड क्षेत्र/मुख्यालय के स्कूलों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन्हें पांच श्रेणी में रखा गया था : बाहुबली, बजरंगी, छोटा भीम, मोगली और गणेशा। सचिव महोदय ने पांचों श्रेणी के ग्रुप लीडर्स को इस स्वच्छता पाठशाला में स्वच्छता जागरूकता के लिए प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित कर स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना था जो बहुत ही सफल रहा।




बच्चो को पुरस्कृत करते कोयला सचिव डॉ. इन्द्र जीत सिंह

इस अवसर पर नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा, निदेशक (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## सीपीआरएमएसई वेबपोर्टल का उदघाटन




वेबपोर्टल का उदघाटन करते माननीय कोयला सचिव डॉ. इन्द्र जीत सिंह

माननीय कोयला सचिव (भारत सरकार) डॉ. इन्द्र जीत सिंह ने विगत 22 जुलाई को खेल–गांव में आयोजित समारोह में सीपीआरएमएसई वेबपोर्टल (Contributory Post Retirement Medicare Scheme) का उद्घाटन किया। यह वेब पोर्टल सेवानिवृत्त कर्मियों के मेडिकल बिलों की निगरानी और ट्रैकिंग पर आधारित ऐप है जिसके माध्यम से सेवानिवृत कर्मी अपने मेडिकल बिल का भुगतान और इससे संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अवसर विशेष पर सचिव महोदय ने जेएसएसपीएस के कैडेट गौरी कुमारी, स्नेहा कुमारी, चंचला कुमारी, आशा किरण बारला, फ्लोरेंस बारला, सदानन्द कुमार एवं अभिनय मिंज को खेल–कूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवार्ड प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इन बच्चों ने अपनी प्रतिभा का राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवाते हुए कुश्ती एवं एथलेटिक्स में अनेकों पदक जीते हैं।

बच्चों को संबोधित करते हुए सचिव महोदय ने कहा कि आप सभी एक सैपलिंग (Sapling) की तरह हैं और भविष्य में आप फलदार पौधों की तरह विकसित होंगे। आप सभी राष्ट्र के साथ–साथ राज्य, जिला, गांव एवं अपने माता–पिता का नाम रौशन करेंगे। सचिव महोदय ने सीसीएल की इस पहल को एक श्रेष्ठ मंच बताया जहाँ खेल एवं शिक्षा का अनोखा संगम है।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए खेल अकादमी से जुड़े प्रत्येक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। श्री सिंह ने बताया कि खेल अकादमी के बच्चों ने बहुत ही कम अवधि में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में खेल अकादमी में एथलेटिक्स, कुश्ती, तीरंदाजी, तायक्वोंडो, शुटिंग, बॉक्सिंग, साईकिलिंग, वेटलिफ्टींग और फुटबॉल में 348 कैडेटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

समारोह में जेएसएसपीएस के कैडेटस ने मनमोहक योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने देशभक्ति से ओत–प्रोत गीत संगीत (सलाम इंडिया) का रंगारंग प्रस्तुतीकरण किया। स्पोर्टस कैडेटस ने स्वयं द्वारा सृजित पेंटिंग मुख्य अतिथि, सीएमडी सीसीएल एवं अन्य अतिथियों को भेंट किया जिसकी सभी ने प्रशंसा किया।

## "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड"

होटल बीएनआर चाणक्या, रांची में आयोजित 28 से 29 जुलाई तक (दो दिवसीय) राष्ट्रीय सेमिनार के उदघाटन समारोह में



माननीया राज्यपाल से अवार्ड ग्रहण करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

झारखंड की माननीया राज्यपाल श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह को उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन एवं कंपनी के कायाकल्प के लिए "लाईफ टाईम अचिवमेंट अवार्ड" प्रदान कर सम्मानित किया।

— अपनी बात की ओर से बहुत बधाई।

## वेब पोर्टल एवं 'खान प्रहरी' एप का अनावरण

भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट आफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जियो इंफॉर्मेटिक्स (बीआइएसएजी) गांधीनगर एवं सीएमपीडीआई के सहयोग से वेब जीआइएस आधारित कोयला खान प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली एवं अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए मोबाईल ऐप 'खान प्रहरी' विकसित किया गया है, जिसका अनावरण विगत 04 जुलाई को माननीय केन्द्रीय कोयला, रेल, वित्त एवं कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्री श्री पीयूष गोयल ने दिल्ली के होटल अशोक में किया। सीसीएल मुख्यालय में उपरोक्त उदघाटन कार्यक्रम के साक्षी सीएमडी श्री गोपाल सिंह, नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव सहित महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ऑन लाईन वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बने।

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कहा कि इस ऐप एवं वेब पोर्टल से बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि माननीय श्री पीयूष गोयल जी के नेतृत्व में यह सराहनीय कदम उठाया गया है जिससे कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता एवं नैतिकता का नया आयाम जुड़ेगा। वर्तमान में सीसीएल द्वारा 24 घंटे निगरानी हेतु विशेष सेल स्थापित किया गया है ।



कार्यक्रम में उपस्थित सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण एवं अन्य


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)